(क) क्या जम्मू और काश्मीर मे हाल ही मे 6 पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार किये गये हैं ,

(ख) उनसे की गई पूछताछ के क्या परिणाम निकले हैं , और

(ग) इन जासूसो की गतिविधियो को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) (क) जम्मू और काश्मीर सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 1978 मे अब तक 6 संदिग्ध पाक एजेंट गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

(ख) यह सूचना बताना लोकहित मे नही होगा ।

(ग) सरकार सतर्क हैं ।

चंडीगढ़ का पंजाब के साथ विलय

8291. **श्री राम सेवक हजारी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चंडीगढ़ का पंजाब के साथ विलय करने की माग फिर जोर पकडती जा रही हैं,

(ख) यदि हा, तो इस बारे मे सरकार का क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है, और

(ग) इस विवाद का शीघ्र समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मंडल) : (क) से (ग). इस विषय पर कुछ रिपोर्टें सरकार के ध्यान मे आयी हैं। सरकार ऐसे सभी बाकी पड़े विवादों को हल करने के लिए उत्सुक है, परन्तु सरकार समझती है कि संबंधित राज्य सरकारो के बीच पूर्ण स्वच्छिक सहयोग और सहमति से कोई पारस्परिक संतोषजनक हल निकलना चाहिए क्योंकि यह विवाद अन्तर्राज्यीय स्वरूप का है।

रक्षा सामान के निर्यात से विदेशी मुद्रा की आय

8292. **श्री राम सेवक हजारी :**

श्री एस० एस० सोमानी :

श्री पी० राजगोपाल नायडू :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 1977–78 मे रक्षा-सामान के निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई;

(ख) गत तीन वर्षों की निर्यात-आय की तुलना मे ये आकडे कैसे है; और

(ग) भारत द्वारा किस माल का आयात किया गया और उस पर कितना खर्च हुआ ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

Super Thermal Power Station at Farakka

8293 SHRI MUKUNDA MANDAL: Will the Minister of ENERGY be pleased to state·

(a) whether the Chief Minister of West Bengal Government had, some